## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**मण्डला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को दोपहर 2:45 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 3:05 बजे मंडला हेलीपेड पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5 बजे हेलीपेड मंडला से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पुलिस ग्राउंड में हुई स्वतंत्रता दिवस की फाईनल रिहर्सल

**मण्डला।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के पुलिस लाईन ग्राऊंड में किया जाएगा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों की फाईनल रिहर्सल का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम की ध्वजारोहण, परेड, सलामी सहित अन्य गतिविधियों की फाईनल तैयारियाँ देखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली, सभी प्लाटून कमांडर्स का परिचय प्राप्त किया एवं रिहर्सल के पश्चात संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व से संबंधित जरूरी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

## 82 लाख से अधिक किसानों को 1671 करोड़ रूपए की राशि का होगा अंतरण

# बलराम जयंती समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

*** 226.12 करोड़ रूपए की लागत राशि के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आरडी कॉलेज मंडला में आयोजित कृष्ण भ्राता, कृषि देवता भगवान बलराम जयंती समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में प्रदेश के 82 लाख से अधिक किसानों को 1671 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। इसमें मंडला जिले के 1 लाख 39 हजार 197 किसानों को 28.11 करोड़ रूपए की राशि होगी हस्तानांतरित। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ आयोजित कार्यक्रम में 226.12 करोड़ रूपए की लागत राशि के कुल 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इसमें 202.25 करोड़ रूपए के 9 कार्यों का भूमिपूजन एवं 23.87 करोड़ रूपए के 15 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्राम भीमडोंगरी विकासखंड मवई में 172 लाख रूपए की लागत के पुलिस जनमित्र सहयोग केन्द्र स्थापना कार्य, 387.71 लाख रूपए की लागत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी में 10 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 386.49 लाख रूपए की लागत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहमदपुर में 10 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 123.20 लाख रूपए की लागत के शासकीय हायरसेकेंडरी स्कूल दाढ़ीभानपुर में 3 लैब एवं 4 अतिरिक्त कक्षों का भवन निर्माण कार्य, 641.74 लाख रूपए की लागत के लावाधार जलाशय का नहर सहित निर्माण कार्य (लाभान्वित ग्राम उमरिया एवं खमरिया) स्वीकृत वर्ष फरवरी 2018 निर्माण पूर्ण होने का वर्ष 30 मार्च 2024 सिंचित वर्ष - 185 हेक्टेयर, 42.23 लाख रूपए की लागत के माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्य बसनी, 27.04 लाख रूपए की लागत के ग्राम पंचायत ग्वारा में मुक्तिधाम में बाउंड्रीवॉल एवं समतलीकरण कार्य, 33.08 लाख रूपए की लागत के ग्राम पंचायत किन्द्री हाईस्कूल में सिमरिया बाउंड्री तक सड़क 1 कि.मी. एवं 2 पुलिया निर्माण, 49.27 लाख रूपए की लागत के चुटका से चुटका टोला (कुंडा) मार्ग निर्माण, 199.78 लाख रूपए की लागत के तिलगांव से चंदेहरा बैगाटोला मार्ग निर्माण, 65 लाख रूपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र लावर का भवन निर्माण, 65 लाख रूपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र बुदरा का भवन निर्माण कार्य, 65 लाख रूपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र सलैया का भवन निर्माण कार्य, 65 लाख रूपए की लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र भालीवाड़ा का भवन निर्माण कार्य एवं 65 लाख रूपए की लागत के उपस्वास्थ्य केन्द्र जामगांव का भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे।



इसी तरह 398.01 लाख रूपए की लागत के मदनपुर नैझर मार्ग लम्बाई 4 कि.मी., 304.83 लाख रूपए की लागत के नकावल पहुंच मार्ग लम्बाई 4 कि.मी., 11234.17 लाख रूपए के घुटास-उमरिया महली-इलाही से घुघरी-चाबी मार्ग, 6822.78 लाख रूपए की लागत कालपी-छिंदगांव-पिपरिया मार्ग निर्माण, 546.53 लाख रूपए की लागत के सहस्त्रधारा पहुंच मार्ग लम्बाई 4 कि.मी., 344 लाख रूपए की लागत के पीएम ऊषा परियोजना अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष एवं उन्नयन कार्य, शासकीय कला महाविद्यालय निवास, 500 लाख रूपए की लागत के जनजातीय सांस्कृतिक केन्द्र मंडला भवन निर्माण कार्य, 37.50 लाख रूपए की लागत के नवीन पंचायत भवन सूरजपुरा, 37.50 लाख रूपए की लागत के नवीन पंचायत भवन तिलईपानी का भूमिपूजन करेंगे।

## काम किसी पंचायत में, बिल लगा किसी और पंचायत का



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अंजनिया-बिछिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठोढा पंचायत से एक अजीबो-गरीबों मामला सामने आया है। जहां गांव में नवनिर्मित पंचायत भवन का निर्माण कार्य चल रहा है । लेकिन इसके पहले निर्माणधीन पपंचायत के निर्माण में दीवारें खडी करने के नाम पर ही उपयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री लोहा, तार, खीला, ब्लेड के लिए 3 लाख रु करीब का बिल लगाकर पैसे निकाल लिए गए है। इतना ही नहीं यहां जनप्रतिनिधियों के द्धारा उस शासकीय राशि को ठोढा पंचायत का नाम दर्शाकर ग्राम पंचायत मांझीपुर सचिव के नाम से सील हस्ताक्षर कर निकाले गए है। जिसमें अब मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खूब सुर्खिया बटोर रहा है। इस संदर्भ में बिछिया विकासखंड के सीईओ से जानकारी लेनी चाही गई तो उनका कहना है कि मामले में जांच बैठा दी गई है जल्द ही दोषियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक बिछिया विकासखंड के ग्राम पंचायत ठोढा में ग्राम पंचाचत विकास योजना के तहत नवनिर्मित पंचाचत भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है1 जिसमें पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्धारा भ्रष्टाचार की बानगी देखी जा रही है। ग्राम पंचायत का निर्माण अभी अधर में लटका है और जनप्रतिनिधियों ने जाली तरीके से बिल लगाकर निर्माण सामग्री के लिए लाखों शासकीय राशि निकाल ली गई है। इन राशियों का कितना उपयोग खर्च में लाया गया है और कितना डाका डाला गया है जांच के बाद ही साफतौर पता चलने की बात कहीं जा रही है ।

मामले का खुलासा तब हुआ जब किसी ने पंचायत दर्पण से पंचायत बार सूची से बिल निकालकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला सीईओ तक पहुंचा। इसके बाद बिछिया जनपद पंचायत सीईओ रमेश मंडावी ने मामले में कमेटी बैठाकर जांच शुरू करने की बात कह रहे है।

ग्राम पंचायत ठोढा में बन रहे नवनिर्मित पंचायत निर्माण साम्रगी में उपयोग के नाम पर पंचायत सचिव ने बिल लगाए है। जिसमें बिलों पर निर्माण एंजेसी ग्राम पंचायत ठोढा को बनाया गया है और सील हस्ताक्षर ग्राम पंचायत मांझीपुर जिला मंडला के सचिव के दिख रहे है। यहां प्रथम तल के निर्माण में अब तक 12 एमएम कामधेनू का लोहा 2947 किलोग्राम, राशि 170926 और 8 एमएम कामधेनू लोहा 10.68 किलोग्राम राशि-64080 लग चुके है 1 जिनकी राशि दो लाख सत्तर हजार तीन सौ सात रूपये है। इसके अलावा तार, खींल, ब्लेड साम्रगी के लिए दस हजार चालीस रूपये का बिल लगा है।

### इनका कहना है:-

*ग्राम पंचायत ठोढा सचिव के द्वारा किस प्रकार से बिल लगा लिया गया वह गलत है मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे कुछ कहा जाएगा।*

***-रमेश मांडवी, सीईओ जनपद पंचायत बिछिया***

## मुख्यमंत्री के मंडला आगमन के दौरान ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



14 अगस्त 2025 को जिला मंडला आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन एवं कार्यक्रम के दौरान अधिक संख्या में लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। इस अवसर पर सुरक्षा व सुगम यातायात की दृष्टि से विशिष्ट अतिथियों की कार पार्किंग कॉलेज के सामने होगी। समस्त शासकीय अधिकारियों, मंचासीन विशिष्ट अतिथियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था वेयरहाउस परिसर में की गई है। मेला स्थल बड़ी खैरी में दो पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। एकीकृत प्राथमिक शाला मैदान बड़ी खैरी में मंडला की ओर से कार्यक्रम में आने वाले फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी। प्राथमिक शाला मैदान पीपरपानी में नैनपुर, मवई, बिछिया की ओर से कार्यक्रम में आने वाले समस्त छोटे व अन्य वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई है। मंडला ब्लॉक, मवई एवं घुघरी से कार्यक्रम में आने वाले समस्त वाहन डिंडोरी रोड के पास पार्क होंगे। बीजाडांडी, नारायणगंज, निवास, नैनपुर, बिछिया से आने वाली बसें व अन्य वाहन जंतीपुर क्रॉसिंग के बाद हाईवे के पास पार्क होंगे।

बिनेका तिराहा-आमानाला बाईपास व डिंडोरी रोड की ओर जाने वाले वाहन बिनेका तिराहा से डायवर्ट होकर हाईवे से होकर जाऐंगे। आमानाला बाईपास से शहर की ओर आने वाले समस्त प्रकार के वाहन हाईवे से कटरा बाईपास व प्रथम ढाबा पुरवा होकर शहर आएंगे। बम्हनी, नैनपुर, पिंडरई की ओर से कार्यक्रम में आने वाली समस्त बसें व अन्य वाहन पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग तिराहा से डाइवर्ट होकर आरटीओ कार्यालय, पुरवा, प्रथम ढाबा से होकर निर्धारित पार्किंग स्थल में पहुंचेंगे। बस स्टैंड से डिंडोरी रोड व रायपुर जाने वाली समस्त यात्री बसें महाराजपुर, पौंड़ी तिराहा, पुरवा होकर बाईपास से आएंगे-जाएंगे।

नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि उक्त कार्यक्रम एवं वीआईपी आगमन/प्रस्थान के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इस दौरान वीआईपी आगमन/ प्रस्थान व कार्यक्रम के दौरान वीआईपी मार्ग तथा कार्यक्रम स्थल की ओर समस्त प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

## नारायणगंज नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




कल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारायणगंज के नेतृत्व में सभी छात्राओं एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षकाओ ने भव्य रेली निकाली। इस रैली की अगुवाई करने मंडला से भारतीय जनता पार्टी के जिले के अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, श्री कटारे नारायणगंज के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमान रतन सिंह ठाकुर जी वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष अविनाश शर्मा मंडल अध्यक्ष किशन तेकाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष होंसी लाल साहू, मनोज मिश्रा पूर्व महामंत्री राकेश प्रकाश चंद्र अग्रवाल, दीपक पदम, भगवान मिश्रा, गया चक्रवर्ती, सुंदर सोनी अरुण यादव, श्रीमती जानकी राजपूत वंदना यादव सुनीता वरमैया वंदना बैरागी एवं बहुत बड़ी संख्या में देशभक्तों ने इस तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। यात्रा की व्यवस्था और मार्गदर्शन का कार्य महामंत्री सुशांत अग्रवाल एवं मृदु किशोर साहू ने संभाला।

## आजादी पर्व पर हर घर तिरंगा एवं स्वच्छता जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन



**मण्डला।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकारए क्षेत्रीय कार्यालय मण्डला द्वारा शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पटपरा में आजादी पर्वए हर घर तिरंगाए स्वतंत्रताए स्वच्छता आदि विषयों पर तिरंगा रैलीए मानव श्रृंखलाए रंगोलीए पोस्टर पेंटिंगए प्रश्न मंचए प्रतियोगिताए चित्र प्रदर्शनी एवं मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदानए स्वतंत्रता का महत्व और स्वच्छ वातावरण के लाभ पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शौर्य गाथाओं के चित्र प्रदर्शनी को छात्र छात्राओं को अवलोकन करवाया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया व अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

**तिरंगा यात्रा** | **भाजपा मण्डल बिछिया द्वारा किया गया आयोजन।**

# बिछिया में आयोजित हुई विशाल तिरंगा यात्रा

*** एक पेड़ माँ के नाम पर किया वृक्षारोपण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



भारतीय जनता पार्टी बिछिया मंडल के द्वारा दिनांक 13/08/2025 को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ शिवहरे कॉम्प्लेक्स भुवा स्थित भाजपा कार्यालय के समीप एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करके किया गया।

तिरंगा यात्रा में देशभक्ति गीतों के साथ और राष्ट्रप्रेम की भावना का संदेश देते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों सहित आमजन, नगर के वरिष्ठ नागरिक, मातृ शक्तियां शामिल हुए। यातायात के नियमों का पालन करते हुए विधिवत कतारबद्ध होकर सहसम्मान अपने अपने वाहनों में तिरंगे झंडे को लगाकर सभी लोग शामिल हुए । तिरंगा यात्रा भुआ से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए, भड़ंगा, जंतीपुर, बस स्टैंड, बंजारी से वापस होकर भाजपा कार्यालय पहुंची और फिर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का समापन हुआ।

तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में पूर्व विधायक झल्लू लाल तेकाम, भाजपा नेता डॉ विजय आनंद मरावी, जिला महामंत्री उमेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती मरावी, सांसद प्रतिनिधि चंद्र कुमार झारिया,वरिष्ठ पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत बजाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय पुरी गोस्वामी, तिरंगा यात्रा कार्यक्रम सहसंयोजक बिछिया विधानसभा दीपक पांडे, मंडल तिरंगा यात्रा संयोजक नरेश राजपूत, मंडल महामंत्री नरेश सार्वे, मीडिया प्रभारी शोभित रावत, युवा नेता योगेश यादव, मंडल उपाध्यक्ष दीपक कटारे, भूपेंद्र ठाकुर, राजकुमार राजपूत, राकेश यादव, लेखन राजपूत, जिला उपाध्यक्ष इलावती पटिया, नैनवती कुड़ापे, मंडल मंत्री रुक्मणि साहू, मंत्री रुदन झारिया, कुंदन साहू, विकास पिपरसनियां, प्रकाश साहू, चंद्रकांत शर्मा, संजय दीक्षित, विवेक पांडे, राजेंद्र यादव, नीलेश गोस्वामी, मनोज अग्रवाल, विश्वनाथ यादव, मांझीपुर सरपंच दूपसिंह, लाला यादव, राजेंद्र यादव,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास गोस्वामी, अजय यादव, देवाशीष अग्रवाल, बंटी बजाज,प्यारेलाल केराम राजेश यादव, रजनीश मारुवा, विमल चौधरी, कार्यालय मंत्री एम पी जंघेला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

### नगर के अंदर संचालित हो रही अंडा दुकानों से बिगड़ रहा माहौल, देर रात तक शराब खोरी होने से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। इस समय जिस प्रकार से शराबखोरी करने वाले लोगों से आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है, उसके चलते नगर की कानून व्यवस्था पूर्णरूप से पटरी पर उतरते हुए देखी जा रही है, इस सब का प्रमुख कारण मात्र एक ही देखा जा रहा है कि नगर के अंदर संचालित होने वाली पान दुकानों के चलते एक ओर नगर का वातावरण प्रदूषित होने से नही बच पा रहा है, वही दूसरी ओर इन अंडा दुकानों पर शाम होते हुए जिस प्रकार से शराबखोरी करने वाले लोगों का जमावाड़ा लग जाता है उसके चलते आम लोगों मुख्य मार्गो से निकलना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि नगर में जहां तहां लगी हुई इन अंडा दुकानों के चलते स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि शराब के नशे में मस्त लोगों द्वारा जिस प्रकार से अपशब्दों का उपयोग किया जाता है उसके चलते यहां पर रहवास करने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है, वही दूसरी ओर महिलाओं का अपने घरों से निकला तो पूर्णरूप से दूभर हो चुका है, इतना ही नही इन अंडा दुकानों के चलते लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचते हुए देखी जा रही है? क्योंकि नगर में इन अंडा दुकानो को लगाने वालों द्वारा न तो धार्मिक स्थलों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही रहवासी मकानों का जिसके चलते मार्गो पर मनमर्जी के साथ स्थापित की गई इन अंडा दुकानों के चलते सार्वनिजक मार्गो से शाम होते ही महिलाओं का निकलना मुश्किल हो जाता है, यदि कोई महिला को मजबूरीबस निकलना भी पड़ता है तो अंडा दुकानों के आस पास मड़राने वाले शराबियों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होते हुए देखा जाता है, इस सच्चाई की ओर न तो पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही उन लोगों द्वारा जो नगर की जनता की सेवा करने का पूरा भरोसा दिलाने से नही चूकते है,

### मृतक पक्ष को न्याय दिलाने अपर लोक अभियोजक अग्रवाल की पैरवी

# धन प्राप्त करने के लोभ में युवक की बलि देते हुये हत्या करने वाले आरोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा








धन के लालच में आरोपियों द्वारा जिस तरह की घटनाओं को अंजाम देते है इसकी कल्पना करने मात्र से जहां आंखे नम होने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर इस तरह के मामले जब विद्यवान न्यायाधीश के समक्ष पहुंचता है तो वह आरोपियों को सजा सुनाने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस स्थानीय न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमति संतोष वासनिक द्वारा भी धन प्राप्त करने के लिये नर बलि देते हुये युवक की हत्या के जघन्य व सनसनीखेज सत्र प्रकरण क्रमांक 14/2024 में निर्णय सुनाते हुये अभियुक्त सुरेन्द्र कुशवाहा एवं रम्मू उर्फ भगवानदास कुशवाहा को आजीवन कारावास सहित आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है। इस प्रकारण में अपर लोक अभियोजक पवन अग्रवाल द्वारा पैरवी की गई। घटना का विवरण की जानकारी देते हुये पवन अग्रवाल द्वारा बताया कि गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिहोरा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम टेकापार के पास वही के निवासी संतकुमार के खेत के पास एक युवक की लाश पाई गई थी। वही घटना की सूचना के चलते मौके पर पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये जांच शुरू की गई थी। वही मृतक की पहुंचान अंकित पिता लक्ष्मी प्रसाद कौरव उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया के रूप में होने तथा मृतक की हाथ की अंगुली कटी होने के साथ गले पर घाव के निशान होने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुये मामले की जांच शुरू की गई। वही मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में टीआई गाडरवारा विक्रम रजक व तत्कालीन सिहोरा पुलिस चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ द्वारा इस मामले में संदेह के आधार पर सुरेन्द्र पिता हल्के काछी उम्र 40 वर्ष तथा भगवानदान दास उर्फ रम्मू पिता शंकर लाल कुशवाहां दिनों निवासी सिमरिया को हिरासत में लेते हुये जब पूछता की गई थी तो आरोपियों द्वारा अपना जुर्म कुबूल करते हुये हत्या की संपूर्ण घटना से पुलिस को अवगत कराते हुये बताया था कि उन्होने धन प्राप्त करने के लिये नर बलि देने के लिये किसी माता पिता का बडा पुत्र की जरूरत थी इसी के चलते अंकित गौरव का आरोपियों द्वारा अपने बातो के जाल में फंसाते हुये पहले प्रसाद के रूप में दिये गये लड्डूयों में बेहोशी की दबा मिलाई और उसके बाद बलि देते हुये उसकी अंगुली काटने के साथ गर्दन काटते हुये हत्या करने के बाद सच्चाई को छिपाने के लिये गन्ना के खेत में डाल दिया गया था। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरप्तार करते हुये घटना की जांच का अंतिम प्रतिवेदन मा.न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। इस तरह धन प्राप्ति हेतु तांत्रिक साधना सफल करने के लिये के लिये हत्या का मामला जब मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया तो इस जघन्य व सनसनी खेज मामले के सत्र प्रकरण क्रमांक 14/2024 का विचरण स्थानीय न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में हुआ जहां पर अभियोग पत्र अभियोजन व साक्षियों की साक्ष्य एवं प्रकरण के समस्त तथ्य व परिस्थितियों का अवलोकन करने के साथ साथ अपर लोक अभियोजन पवन अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत की गई तर्को से सहमत होते हुये विद्यवान न्यायाधीश श्रीमति संतोषी वासनिक द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश गाडरवारा द्वारा अभियुक्त सुरेन्द्र पिता हल्के काछी उम्र 40 वर्ष तथा भगवानदान दास उर्फ रम्मू पिता शंकर लाल कुशवाहां दिनों निवासी ग्राम सिमारिया को भा.दं. वि. की धारा 302/120- बी में आजीवन कारावास एवं 1500-1500 रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाते हुये दंडित किया गया है। इस प्रकरण में मृतक को न्याय दिलाने के लिये अभियोजक की ओर से अपर लोक अभियोजक पवन अग्रवाल द्वारा पैरवी करते हुये जहां अपने तर्क प्रस्तुत किये गये थे। वही घटना के उपरांत नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा इस मामले में सूक्षमता के साथ जांच करते हुये तैयार की किये गये अभियोग पत्र के चलते आरोपियों को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है।

### म.प्र.शासन या फिर प्रेस का लेख कराते हुए बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन




हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़ने वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराय से लगाने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना है? मगर अक्सर देखा जाता है कि शासकीय कार्यालयों में लगे हुए अनेक वाहनों में म.प्र. शासन का लेख कराते हुए उन्हें किराय के रूप में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उठाई जा रही है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी हानी पहुंच रही है। देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए, व्यापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनो दिन बढ़ती जा रही है, जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है, नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे निजी वाहनों को किराए पर लगाया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सरकारी दफ्तर मे आवश्यकता होने पर जो वाहन किराए पर लगाए जाएं उनका रजिस्ट्रेशन परिवाहन विभाग मे टैक्सी वाहन के रूप मे होना अनिवार्य है, परिवहन विभाग के पास इन वाहनों पर कार्यवाही किये जाने की जानकारी नहीं मिली। शासन के आदेश की विभागीय अधिकारी विभाग भी इस दिशा मे उदासीनता प्रदार्शित कर रहा है।

## नपा अध्यक्ष मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई भव्य तिरंगा रैली



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

देश की स्वधीनता की वर्षगांठ मनाने के लिये जिस प्रकार से लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है वह निश्चित तौर जहां हर देशवासी के लिये देश भक्ति में लीन होने के लिये मजबूर कर रहा है तो दूसरी ओर तिरंगा रैलियों के चलते जहां शहर की सड़को पर चारो ओर देश भक्ति के तराने सुनाई पड़ रहे है। इस तरह स्वतंत्रता दिवस के पहले बीते हुये बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व व मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के मार्ग दर्शन में शहर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। बताया जाता है कि नगर पालिका की यह तिरंगा रैली नगर पालिका परिसर से शुरू होकर चांवडी रोड से निकलकर पुरानी चौकी से शहर के हृदय स्थल झंडाचौक से निकलते हुये पुरानी गल्ला मंडी से होते हुये पुराना बस स्टैन्ड मार्ग से निकलकर श्याम टाकीज मार्ग से वापिस नगर पालिका परिसर में पहुंचकर रैली का समापन हुआ। बताया जाता है कि नपा द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली को जहां तहां भव्य स्वागत हुआ तो दूसरी ओर नगर के लोगों ने शामिल होकर डीजे पर बज रहे देशभक्ति के गानों में मग्न होकर सड़को पर झूमने से नही चूक पाये। इस तरह नगर पालिका द्वारा देश की स्वतंत्रता की वर्षगांठ पर निकाली गई रैली में नगर पालिका के अधिकारियों से लेकर कर्मचारी, आंगनवाडी कार्यकर्ताओ सहित आम लोगों शामिल थें। वही दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा देश की आजादी के लिये जिन लोगों ने अपनी कुर्वानी दी गई है उन्हें याद करते हुये आजादी के महत्व से अवगत कराया गया।

### डंपर के चाक की नलकी तोड़कर पहुंचाई क्षति

**सांईखेड़ा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पिपरिया कला निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके पास दो डम्फर है जो खिरैटी के पास बन रे डेम परियोजना में किराये से चल रहे है। बीते हुये दिवस प्रार्थी का डम्फर क्र. MP04HE5589 विजनहायी से मुरम लेकर आ रहा था जो खिरैटी के पास रास्ते में खराब होने के चलते चालक द्वारा उसे वही खड़ा कर दिया गया। उसी दौरान शिवम पटैल निवासी खिरैटी आया और डम्फर चालक को गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला की रास्ते में डम्फर क्यों खडा किया है। चालक द्वारा कहा कि खराब हो गया है अभी ठीक होने पर हटा लेगे। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा डम्फर के पांच चाको की नलकी तोड़ते हुये लगभग बीस हजार की क्षति पहुंचाई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## हर घर तिरंगा का संदेश देते हुये पुलिस की वाहन रैली में उमड़ा जन सैलाब









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

देश की स्वतंत्रता दिवस के वर्षगांठ मनाने के पहले जिस तरह तिरंगा रैलियों की शहर से लेकर गांव गांव धूम मची हुई देखी जा रही है। वही निश्चित तौर से लोगों के दिलों में देश भक्ति का अनोखा संचार करने से नही चूक रही है।

हर घर तिरंगा का संदेश देते हुये बीते हुये गुरूवार को उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शहर में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। बताया जाता है कि पुलिस परिवार द्वारा निकाली गई यह तिरंगा रैली पुलिस थाना परिसर से शुरू होकर पलोटन गंज, पानी टंकी से होते हुये महावीर भवन से निकलकर चावडी मार्ग से पुरानी पुलिस चौकी, झंडाचौक, पुरानी गल्ली मंडी से निकलते हुये छिपा तिरहा से निकलकर शासकीय चिकित्सालय मार्ग से होते हुये वापिस पुलिस थाना पहुंचकर समापन हुआ।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।



भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में बीते हुये बुधवार को राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाया जाता है। दादा धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा के सांदीपनि विद्यालय में इस अवसर पर युवा समाजसेवी शिवांश दुबे के मुख्यातिथ्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश सरस्वती पूजा से हुई जिसमें शिक्षकों द्वारा सरस्वती वंदना गाई गयी। वही स्वागत के उपरांत पुस्तकालय स्थापना के महत्व पर भानु प्रताप राजपूत ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सांदीपनि विद्यालय में पुस्तकालय के इतिहास पर प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने गहन प्रकाश डाला गया। वही युवा शिक्षक सुधीर प्रजापति ने बताया कि पुस्तकालय का महत्व तब अधिक बढ़ जाता है। जब आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थी महंगी किताबें नहीं खरीद पाता। प्रियंका विश्वकर्मा ने पुस्तकालय को एक साधना स्थल के रूप में बताया। इसी कड़ी में विद्या विश्वकर्मा ने अपने महाविद्यालय के दौरान किताबों और पुस्तकालय के अनुभव साझा किए। जबकि सरदार सिंह राजपूत ने पुस्तकालय में रखी किताबों की विषयवस्तु से श्रोताओं को अवगत कराया। अर्चना तिवारी किताबों के डिजिटल संस्करण और कागजी संस्करण के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। इसी प्रकार से पूनम बसेडिया ने संगोष्ठी के दौरान प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम संचालक मनीष शंकर तिवारी ने सुझाव दिए कि पुस्तकालय में पांडुलिपि जैसी प्राचीन लेखन शैली के प्रतिरूपों को भी स्थान मिलना चाहिए। वही अंत में मोनिका राय ने किताबों और लेखकों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर रीतेश अवस्थी ने आभार जताया। इस अवसर पर मनोहर सिंह पटेल, भागीरथ प्रसाद, कीर्ति चौबे, सोनू बुधौलिया, आरती पटेल, अखिलेश मेहरा, लालसिंह लोधी, रूपसिंह कुशवाहा, आदित्य द्विवेदी, आकाश उपाध्याय, प्रियंका विश्वकर्मा,पल्लवी यादव, खुशबू खरे, ऋषव मेहरा, आनंद राजपूत, सोमेश मेहरा, आकाश उपाध्याय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### संदूक निवासी युवक के साथ मारपीट

**सांईखेड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम संदूक निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव के बाबूलाल चौहान के खेत मे धान लगाने गया था धान लगाने के बाद गांव के रामलाल नौरिया औऱ बाबूलाल चौहान के साथ घर वापस आ रहा था तभी रास्ते मे गांव का सतीश शर्मा मिला जो पुरानी बुराई को लेकर मुझे गंदी गंदी गालिया देने लगा। प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा हाथ मे रखी लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान स मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ट्रेक्टर की टक्कर से घायल

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पीपरपानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थी के पिता भाव सिंह ठाकुर पावर हाऊस के सामने पैदल जा रहे थें उसी समय एक ट्रेक्टर क्रमांक **MP**49**AB**1204 के चालक द्वारा अपने ट्रेक्टर को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये प्रार्थी के पिता को टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732,
sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0015 अ-20 (4)
वर्ष :- 2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परषोत्तम दास आ. लक्ष्मीनारायण साहू, निवासी - राजीव वार्ड, गाडरवारा, तहसील - गाडरवारा, जिला - नरसिहपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की नजूल भूमि सीट क्रमांक 6 प्लाट क्रमांक 87 क्षेत्रफल 919 वर्गफुट, उनकी बहिन श्रीमती सपना पत्नी मुकेश साहू द्वारा उन्हें पंजीकृत दान पत्र दिनांक 26.06.2025 के माध्यम से दान में दी गई है, जिस पर बने भवन में आवेदक काबिज हो गये है। पंजीकृत दानपत्र के तहत दानदाता का नाम उपरोक्त नजूल भूमि के नजूल अभिलेखों में से नियमानुसार विलोपित किया जाकर आवेदक का नाम दर्ज किया जावे। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रुपए का आवेदन शुल्क का चालान, पंजीकृत दानपत्र की छाया प्रति एवं नजूल खसरा की प्रमाणित प्रति की छाया प्रति प्रस्तुत की गई है। तत्सम्बंध में मेरे न्यायालय में प्रकरण संस्थित कर विचारण में लिया गया है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 25.08.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजो सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है । नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 08.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।
जारी दिनांक- 08.08.2025
सुनवाई दिनांक - 25.08.2025
शील
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजुल अधिकारी गाडरवारा

## आमगांव छोटा में साईकिलें मिलने से बच्चों के चेहरों पर देखी प्रसन्नता

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा



जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा में मध्य प्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना के अंतर्गत कक्षा छठवीं में अध्ययनरत 18 तथा कक्षा नवमी में अध्ययनरत 43 पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ऋचा स्थापक, किसान मोर्चा अध्यक्ष मोहरकांत पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल, आमगांव छोटा सरपंच प्रसन्न शर्मा, खुर्सीपार सरपंच मनोज दुबे, मूरत सिंह पटेल, इंद्र कुमार वर्मा, महेंद्र वर्मा, वीरेंद्र जाटव, और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती स्थापक ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हे सलाह दी कि वे शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का उपयोग करें ताकि योजनाओं का सही प्रतिफल मिल सके। कार्यक्रम मे संस्था के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## लगातार गायब हो रही सड़कों के किनारे लगी लोहे की सुरक्षा पट्टी

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से क्षेत्र में आये दिन लोगों के घरों में घटित हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ साथ पूर्व में हुई अनेक चोरी के मामलो में लिप्त आरोपियों को पुलिस आज तक खोजने में असफल देखी जा रही है, वही अब स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां तहां फैली हुई शासकीय संपत्ति भी अब असुरक्षित दिखाई देने लगी है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जहां तहां निर्मित हो रही सड़कों के किनारो पर सुरक्षा के हिसाब से लगाई जाने वाली लोहे की सुरक्षा पट्टी लगातार गायब होते हुए देखी जा रही है? इस प्रकार से सड़कों पर लगी हुई इन पट्टियों के गायब होने की स्थिति पर गौर किया जावे तो उनके गायब होने के बाद जो सच्चाई दिखाई दे रही है उसे देखकर यह बात स्पष्ट होने से नही चूक रही है कि इन लोहे की पट्टियों को किसी द्वारा रातो रात काटते हुए पार किया गया रहा है, क्योंकि शहर के नजदीक सड़क सड़क किनारों से गायब हो रही इन पट्टियों के चलते जहां संबंधित विभाग की भूमिका पर सबाल खडे होते हुए देखे जा रहे है तो दूसरी ओर पुलिस की कार्य प्रणाली भी चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है? क्योंकि प्रतिदिन पुलिस द्वारा रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था लगाई जाती है जिसमें एक गस्त लोकल स्तर की होती है और एक गस्त संभागीय स्तर की होती है जिसमें गस्त अधिकारी संपूर्ण क्षेत्र में भ्रमण करते हुए क्षेत्र की निगरानी करता है, इसके बाद भी यह पट्टी चोरी होना निश्चित ही चिंता का विषय बना हुआ है? क्योंकि इन पट्टियों को जब कोई पार करेगा तो निश्चित ही वह किसी न किसी वाहन का उपयोग करता होगा इसके बाद भी पुलिस की नजर में न आना अनेक संदेहों का पैदा करते हुए जान पड़ रहा है, वही दूसरी ओर यदि गौर किया जावे तो इन लोहे की पट्टियों को पार करने वाले द्वारा निश्चित ही उनका विक्रय किसी न किसी कबाड़ी के पास किया जाता होगा

### विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के नेतृत्व में कौड़िया से निकाली गई विशाल तिरंगा बाइक रैली



**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के नेतृत्व में विशाल तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। बताया जाता है कि यह बाइक रैली ग्राम पंचायत कौड़िया के विजय स्तंभ से प्रारंभ होकर बोहानी, पुरगुवां, करपगांव, निजोर, सिहोरा, खुलरी, इमझिरी, बरमान खुर्द, चांवरपाठा, डोभी, इमझिरा होते हुए तेंदूखेड़ा पहुंची। यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. भागचंद जैन (सच्चे दादा) की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा नगर परिषद तेंदूखेड़ा पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर विधायक पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिये "हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सेना के सम्मान में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर उन्हे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र को नष्ट कर साहसिक काम किया है। विधायक पटेल ने कहा कि पूरे देश में हर- घर तिरंगा अभियान चल रहा है। उक्त अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, सभी क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**आम सूचना**

राघवेन्द्र आ. रूप सिंह निवासी ग्राम देवरी, तहसील साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया है कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह है कि मुझ शपथकर्ता के पिता के नाम से एक ट्रेक्टर है जिसका वाहन क्र. MP49A9061 है। मुझ शपथकर्ता के पिता रूपसिंह का स्वर्गवास दिनॉक 05.05.2014 को हो गया है तथा मुझ शपथकर्ता की माता कुसुम बाई गूजर का निधन दिनॉक 01.01.1997 को हो गया है। यह है कि मै शपथकर्ता के पिता के नाम के ट्रेक्टर को अपने नाम पर करवा रहा हूँ। जिसमें मेरे चारो भाईयों महेश कुमार, इंद्रपाल, अर्जुन सिंह, राघवेन्द्र के शपथपत्र के साथ आवेदन जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति को ट्रेक्टर ट्रांसफर राघवेन्द्र के नाम पर आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिन के अंदर जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। तिथि उपरांत विचार नही किया जावेगा।

शपथ कर्ता
राघवेन्द्र आ. रूप सिंह
निवासी ग्राम देवरी, तहसील सांईखेड़ा
जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

## खबर संक्षेप

### झोलाछाप बंगाली डॉक्टर की लापरवाही से युवक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती



**डिंडोरी** ।जिले के ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप और बंगाली डॉक्टरों की बढ़ती सक्रियता अब आम लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। ताजा मामला डिंडोरी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किसलपुरी से सामने आया है, जहां एक युवक के पैर में मामूली चोट का इलाज कराने पर स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों के अनुसार, किसलपुरी निवासी युवक के पैर में हल्की चोट लगने के बाद उसे गांव में ही इलाज के लिए एक बंगाली डॉक्टर के पास ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने युवक को इंजेक्शन और ड्रिप चढ़ाई, जिसके कुछ समय बाद उसके पैर में तेज सूजन आ गई। धीरे-धीरे पैर गलने लगा और त्वचा तक उखड़ने लगी। परिजन डॉक्टर पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाते हुए बेहद आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि गलत दवा और इंजेक्शन के चलते युवक के पैर में गंभीर इन्फेक्शन हो गया है, जिसे अब जिला चिकित्सालय के पुरुष वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो क्षेत्र में इस तरह के झोलाछाप डॉक्टर वर्षों से सक्रिय हैं, जो बिना किसी चिकित्सकीय योग्यता के इलाज कर रहे हैं और भोले-भाले ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### जिले में 6.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 6.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1 मिली मीटर, बिजुरी में 12.2 मिलीमीटर, जैतहरी में 1 मिली मीटर, अमरकंटक में 12 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 25.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र कोतमा , वेंकटनगर तथा पुष्पराजगढ में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार करेंगे ध्वजारोहण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार 14 अगस्त को दोपहर 3 बजे छतरपुर से अनूपपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि 10 बजे अनूपपुर जिले में आगमन होगा व रात्रि विश्राम विश्राम गृह अनूपपुर में करेंगे। 15 अगस्त 2025 को प्रातः 8:58 बजे शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12:30 बजे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत विश्राम गृह से इन्दिरा तिराहा तक तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1:00 बजे विकासखण्ड जैतहरी के माध्यमिक शाला बरबसपुर में जिला स्तरीय मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2:00 बजे नगर परिषद जैतहरी अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# साइकिल और तिरंगा के साथ शिक्षा की नई उड़ान





जिले के सीएम राइस विद्यालय धनुवासागर में सोमवार को शिक्षा और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

विद्यालय में कक्षा 6वीं के 16 और 9वीं के 33 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण के साथ ही भव्य तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसने पूरे गांव में देशभक्ति का जोश भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को चंदन लगाकर सम्मानित करने से हुई। इसके बाद जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल की मौजूदगी में विद्यार्थियों को साइकिल भेंट की गई। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में सपनों की चमक साफ झलक रही थी। अब साइकिल मिलने से विद्यार्थियों की शिक्षा की राह और भी आसान हो जाएगी।

साइकिल वितरण के बाद विद्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरे गांव का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। यात्रा ने शिक्षा की प्रेरणा और एकता का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य जे.एस. मरकाम, सुखदेव उद्दे, गुरुप्रसाद झरिया, चन्दन दुर्वासा, अंचल नागेश्वर, मनीष सोनी, लाला राम, कंचन, संगीता, शशिकांत, विनय, दुली चन्द, पंकज, अवशेष, विपिन मरावी, संजू चंदेल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन



**डिंडौरी ।** जय गुरुदेव सोशल वेलफेयर संस्था डिंडौरी, खेल और युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा मंगलवार को मां नर्मदा हाई स्कूल, पुरानी डिंडोरी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात थाना प्रभारी श्री सुभाष उइके, वार्ड पार्षद श्री हरिहर पाराशर एवं नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी से श्री आर. पी. कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर किया। तिरंगा यात्रा नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ बस्ती क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए आईटीआई के पास तक निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक देशभक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक सुश्री आरती सोंधिया , श्रीमती संतोषी यादव, नशा मुक्ति केंद्र से रितु सेन, नमन कछवाहा, स्टाफ एवं मां नर्मदा हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली को सफल बनाने में जय गुरुदेव सोशल वेलफेयर संस्था से कुंती गौतम की विशेष भूमिका रही। आयोजन जिला प्रशासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत संपन्न कराया गया।



## पशुपालन विभाग ने मुर्गी पालन के लिए ग्रामीण क्षेत्र में किया चूजों का वितरण

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा के पोषक गांव चुनपथरी में बुधवार को एच पी शुक्ला उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशन में ग्रामीणों को कड़कनाथ मुर्गी के पालन हेतु 35 पात्र हितग्राहियों को चूजे और उनका आहार वितरण किया गया।इस मौके पर विभाग के लोगों ने चूजों के देखरेख करने के विषय में इन्हें विस्तार से बताया वहीं डॉ संतोष आर्मो ने बताया कि इनके यदि इनका उचित रखरखाव कर लिया गया तो यह बड़े होकर लाभदायक रहेंगे जिसका लाभ संबंधित हितग्राहियों को मिलेगा यघपि शासन प्रशासन के मंशा अनुसार जनपद के दूसरे क्षेत्रों में भी इस प्रकार के विभागीय योजनाओं से पात्र लोगों को लाभ देना प्रस्तावित हैं।इस तरह सरपंच लक्ष्मी तेकाम, समाजसेवी वीरेंद्र तेकाम, विभाग के डॉ नरेंद्र मरावी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

# वीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती जिले में धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



मातृभूमि की रक्षा और वीरता के प्रतीक शिरोमणि वीर दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती जिले के विभिन्न स्थानों पर बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिला मुख्यालय सहित समनापुर, अमरपुर और ग्राम चांदरानी में हुए आयोजनों में सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर वीर शिरोमणि को नमन किया।

समनापुर तिराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण, तिलक और पूजा-अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, राजपूत राठौर समाज अध्यक्ष कृष्ण सिंह परमार, पार्षद राजेश पाराशर, रितेश जैन, हरिहर पाराशर, शत्रुघ्न पाराशर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जनपद मुख्यालय समनापुर में राठौर समाज के युवाओं ने मां सरस्वती की तैलीय चित्र पर पूजन के बाद वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का माल्यार्पण और तिलक किया। कार्यक्रम में उनके अदम्य साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक गाथाएं सुनाई गईं। इस दौरान हेमसिंह राजपूत, शिवराम राजपूत, भारत राजपूत, रामकुमार राजपूत, श्रवण कुमार गौतम, भीखम राजपूत, जयसिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

अमरपुर ब्लॉक मुख्यालय में भी राठौर समाज ने उत्साहपूर्वक जयंती मनाई। यहां वीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर तिलक, फल और फूल अर्पित कर जयकारों के साथ श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रामकिशोर राजपूत, आकाश नामदेव और अमरलाल धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

ग्राम चांदरानी में भी जयंती का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बीरन सिंह, मोहित सिंह, रामकुमार सिंह, नारायण सिंह, रूपराम सिंह, कामता सिंह, रामनाथ, रतन सिंह, माधवसिंह सिंह, ओम प्रकाश, कीरत सिंह, रामू सिंह, योगेश्वर, नरोत्तम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने वीर दुर्गादास राठौर के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

गौरतलब है कि वीर दुर्गादास राठौर का जन्म 13 अगस्त 1638 को मारवाड़ के साल्वा गांव में हुआ था। उनके पिता आसकरण राठौर महाराजा जसवंत सिंह के मंत्री थे, जबकि माता नेतकंवर बाई ने उनमें स्वाभिमान, पराक्रम और देशभक्ति के संस्कार डाले।

## शहपुरा में सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) एवं नवीन हायर सेकंडरी स्कूल द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

### एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं हुए शामिल

डिण्डौरी।

आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत डिण्डौरी जिले के शहपुरा नगर में सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) एवं नवीन हायर सेकंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन देशभक्ति के जोश के साथ शामिल हुए।





तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां बच्चों ने भारत माता के जयकारे लगाए और देशभक्ति नारों और गीतों पर कदम से कदम मिलाया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी (राजस्व) ऐश्वर्य वर्मा, सीईओ अरविंद बोरकर, बीईओ प्रभु दयाल पटेल, प्राचार्य द्वय यशवंत कुमार साहू, संदीप कुमार सोनी, जनशिक्षक अश्वनी कुमार साहू, बीआरसी गुरू साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान व मध्यप्रदेश गान गाकर भारत की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया।



## शहपुरा महाविद्यालय में एचआईवी/एड्स एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**शहपुरा-** विश्व स्वास्थ्य संगठन, भारत सरकार, मध्य प्रदेश शासन और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी युवा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासकीय अस्पताल शहपुरा के डॉक्टर बलराम सिंह उइके एवं डॉक्टर डॉली चौधरी ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां, प्राथमिक उपचार की सावधानियां और स्वास्थ्य विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। यह कार्यक्रम रेड रिबन क्लब के माध्यम से संचालित हुआ और इसका संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी डॉ. एल. एन. साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक भागवत सिंह धुर्वे, श्रीराम ठाकुर, पी.एस. वरकड़े, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. सी.एल. रैदास, डॉ. राजू रैदास, डॉ. सुषमा मिश्रा, जागृति परिहार, डॉ. आरती मिश्रा, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. शालिनी धुर्वे, डॉ. संगीता श्याम, टी.पी. साहू, आलोक डेहरिया, अंचल वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर विशाल सिंह और कैलाश भवेदी सहित महाविद्यालय के युवा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## आयुक्त जबलपुर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक, स्वतंत्रता दिवस समारोह सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

**डिंडोरी ।** बुधवार को आयुक्त जबलपुर संभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन, गृह विभाग, कृषि, स्वास्थ्य, तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित कई विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान आर्म्स डीलर एवं शस्त्र लाइसेंस से संबंधित कुल लंबित एवं निपटाए गए प्रकरणों की अद्यतन जानकारी गृह विभाग पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत चल रहे अभियानों जैसे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, तथा स्वच्छता के संग अभियान की प्रगति और 15 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की भी विस्तार से चर्चा हुई। आयुक्त ने संबंधित विभागों को समयसीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने एवं जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड डिंडौरी के शैक्षणिक संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

# लापरवाही पर अधिकारियों को जारी किए कारण बताओ नोटिस

डिंडौरी ।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बुधवार को विकासखंड डिंडौरी के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, और विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कई खामियां भी सामने आईं, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एकीकृत माध्यमिक शाला भोंदू टोला प्राचीन डिंडौरी, सीएम राइज शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनुआसागर, एकीकृत प्राथमिक शाला धनुआसागर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचीन डिंडौरी, वृहद कन्या आश्रम डिंडौरी, और पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सुबखार का दौरा किया।

**सीएम राइज धनुआसागर में कक्षाओं का निरीक्षण**

कलेक्टर ने कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के बच्चों से सवाल पूछकर उनकी शिक्षा गुणवत्ता को परखा और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन हेतु सुझाव दिए। उन्होंने लाइब्रेरी और विज्ञान प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया, जहां सूक्ष्मदर्शी यंत्र का निरीक्षण कर लेब टेक्नीशियन सुलोचना परस्ते और क्षमा पांडेय से चर्चा की। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल्स की सराहना भी की गई। प्राचार्य श्री जे.एस. मरकाम को निर्देशित किया गया कि वे बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और आगामी परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम लाने का प्रयास करें। प्राचीन डिंडौरी विद्यालय में रंगोली, वॉल पेंटिंग, दीवार लेखन, निबंध प्रतियोगिता आदि गतिविधियों की समीक्षा की गई। वहीं, वृहद कन्या आश्रम डिंडौरी में निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पेयजल की कमी, बिस्तर एवं आवासीय सुविधाओं में खामियां पाई गईं। आश्रम अधीक्षक के स्थानांतरण के बाद भी नवीन अधीक्षिका को चार्ज न दिए जाने पर सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बीईओ के निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर उन्हें भी नोटिस जारी करने को कहा गया। पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय सुबखार में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ताहीन और मीनू के अनुसार भोजन न पाए जाने पर डीपीसी श्री रावेंद्र मिश्रा को कारण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नगर निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्गों व मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं होने पर नगर परिषद सीएमओ श्री अमित तिवारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव, डीपीसी रावेंद्र मिश्रा, सीएमओ अमित तिवारी, कार्यपालन अभियंता राकेश बघेल, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके, बीईओ बी.डी. सोनी, बीआरसी आर.के. तिवारी, उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया, एनआरएलएम की सुश्री अर्पणा पांडेय, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, पीडब्ल्यूडी के मोहिपत सिंह धुर्वे, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं उत्तम लाल झारिया (UTTAM LAL JHARYIYA ) पिता रामविशाल झारिया आयु 57 वर्ष जाति मेहरा निवासी ग्राम रयपुरा, थाना व तहसील-शहपुरा, जिला डिण्डौरी (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूं , कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं एवं मेरा आधार नं. 5186 3659 1170 है। मेरा नाम उत्तम लाल झारिया (UTTAM LAL JHARYIYA ) है एवं मेरी जन्मतिथि 05.06.1978 है जो कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है, किन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उतम (UTAM) एवं जन्म तिथि 01.01.1968 त्रुटिवश लिख दिया गया है जिससे मुझे अत्यन्त परेशानिया हो रही है। यह कि मेरे आधार कार्ड कं. 5186 3659 1170 में दर्ज नाम उतम (UTAM) को परिवर्तित कर उत्तम लाल झारिया (UTTAM LAL JHARYIYA) एवं जन्म तिथि 01/01/1968 के स्थान पर 05/06/1978 दर्ज किया जावे, तदानुसार शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

### जिपं अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# विभाजन विभीषिका पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम विभाजन विभीषिका, हर घर तिरंगा विषय पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। इस चित्र प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, विभाजन विभीषिका के दर्द व हर घर तिरंगा अभियान को बखूबी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो जबलपुर, जिला प्रशासन व शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में लगाई गई है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, नागरिकों व बच्चों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, हर घर तिरंगा व विभाजन विभीषिका विषय पर युवाओं से प्रश्न किए गए। सही उत्तर देने वाले युवाओं को अतिथियों ने पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रामस्नेही पाठक, प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसके उपरेलिया, लेफ्टिनेंट डॉ. आरके ठाकुर, अंशुल नेमा, कॉलेज के प्राध्यापक, एनसीसी, एनएसएस के छात्र और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

#### विभाजन से हिली थी भाई-चारे की नींव

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती काकोड़िया ने कहा कि राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार करने में युवा अपने कर्त्तव्य व जिम्मेदारी का निर्वाहन कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। पूर्व राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत का विभाजन केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि यह अनेक लोगों के जीवन को झकझोर देने वाला संकट था। 15 अगस्त को देश को स्वतंत्रता तो मिली, लेकिन इसके साथ हीं एक त्रासदी आई- देश का विभाजन। इस विभाजन से भाई-चारे की नींव हिल गई। रामस्नेही पाठक ने कहा कि विभाजन के कारण न केवल जनसंख्या में भारी बदलाव आया, बल्कि सांस्कृतिक विरासत, भाषाई विविधता और सांप्रदायिक सौहार्द को भी धक्का लगा।

#### वक्ताओं ने रखे विचार

डॉ. अमित ताम्रकार ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन व विभाजन विभीषिका के बारे में विस्तार से बताया। प्रचार अधिकारी जबलपुर एसके चौकसे ने विभागीय गतिविधियों व कार्यक्रम उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. उपरेलिया ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को विभाजन विभीषिका के बारे में विस्तार से जानने को मिलेगा। इस दौरान अंशुल नेमा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापकों के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को लेकर वेश भूषा स्पर्धा व देश भक्ति गीत गायन स्पर्धा आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रचार अधिकारी छिंदवाड़ा रामसहाय प्रजापति ने किया।

#### देशभक्ति गीत प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किए, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और मातृभूमि के प्रति प्रेम का चित्रण हुआ। विशेष आकर्षण बच्चों ने ऐ मेरे वतन के लोगों, वन्दे मातरम और सारे जहाँ से अच्छा जैसे गीत बड़े उत्साह और भावनाओं के साथ प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता प्रथम स्थान शिवानी जाटव, द्वितीय स्थान गरिमा पांडे एवं तृतीय स्थान साक्षी रजक ने प्राप्त किया।

#### वेशभूषा प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों जैसे जवाहर लाल नेहरू, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई आदि की वेशभूषा धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी। विशेष आकर्षण प्रतिभागियों ने संबंधित सेनानियों के संवाद और नारे भी प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा पांडे, द्वितीय स्थानदूवेदांत दुबे एवं तृतीय स्थान शिखा वर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान जन गण मन के साथ हुआ। प्राचार्य मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उनमें देशभक्ति और आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा भी जगाते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ. प्रीति कौरव ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# विद्यार्थियों को वितरित की निशुल्क साइकिल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांवबड़ा में विद्यार्थियों को निःशुल्क साईकिलें वितरित की। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।



# एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में पीएआई 1.0 पोर्टल पंचायत उन्नति सूचकांक का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं पोर्टल का विमोचन प्रचार एवं जनपद की उन ग्राम पंचायत को जिन्होंने पीएआई 1.0 पोर्टल पर 9 एलएसडीजी थीम आधारित फीडिंग कर रैंकिंग प्राप्त की है उन पंचायत को प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए जिसमें उपस्थित अतिथिगण जनपद अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल सीईओ वर्षा झारिया राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान डीपीएम स्वीटी नामदेव डीसी संगीता पटेल विकासखंड समन्वयक राजेंद्र सिंह पटेल ऑपरेटर चेतना जाट एवं लाइन डिपार्मेंट का सभी स्टाफ जनपद स्टाफ एवं 20 पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ध्वजारोहण करेंगे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**

प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 15 अगस्त 2025 को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में ध्वजारोहण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री राजपूत का प्रात 8.59 बजे मुख्य अतिथि के रूप में आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रधुन एवं सलामी ली जाएगी। प्रातरू 9.03 बजे परेड कमांडर द्वारा परेड निरीक्षण हेतु अनुरोध किया जाएगा। प्रात 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण एवं गुब्बारों का उड्डयन किया जाएगा। प्रातरू 9.11 बजे जय घोष एवं हर्ष फायर, प्रातः 9.16 बजे परेड एवं मार्च पास्ट, प्रातः 9.23 बजे परेड कमांडरों से परिचय, प्रातः 9.25 बजे मुख्यमंत्री मप्र शासन द्वारा संदेश का वाचन, प्रातः 9.55 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन, प्रातः 10 बजे मध्यप्रदेश गान, प्रातः 10.05 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 10.40 बजे पुरस्कार वितरण और प्रातः 11 बजे कार्यक्रम समापन एवं मुख्य अतिथि का प्रस्थान होगा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अवलोकन किया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बुधवार को जिला मुख्यालय में स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का अवलोकन किया। इस दौरान ध्वजारोहण, परेड सलामी आदि की रिहर्सल की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम मणिन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित विभागीय अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी पर राधावल्लभ मंदिर में होगी भजनों की प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों के प्रमुख मंदिरों में जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी पंडित अंकित तिवारी ने बताया नरसिंहपुर में यह आयोजन राधावल्लभ मंदिर महाजनी वार्ड में रात्रि 8 बजे से होगा जिसमें जिले के प्रसिद्ध बुन्देली लोककलाकार पं. सुमित दुबे अपने साथी कलाकारों राजेश दुबे, अंकित दुबे, प्रतीक दुबे, दशरथ मेहरा, अनूप सेन, विवेक ठाकुर के साथ लोक भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस प्रतिष्ठित आयोजन में नगर के सभी धर्मानुरागियों से अपील है उपस्थित होकर सांस्कृतिक संध्या सम्मिलित होकर भक्ति रसगंगा का आनंद लेते हुए भगवान बालकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उठाये।



## अखंड दीप की शताब्दी वर्ष का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप की शताब्दी वर्ष के आयोजन अगले 5 वर्ष तक चलना है जिसके माध्यम से अखिल विश्व को सन्मार्ग दिखाने के वृहद आयोजन किये जा रहे हैं गायत्री परिवार के सृजन सैनिकों को संदेश और उद्बोधन के माध्यम से संकल्पित कराया गया गायत्री परिवार ट्रस्ट नरसिंहपुर के सभागार में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली में प्रभाकर तिवारी श्रवण गीते और जबलपुर उज्जैन प्रभारी नरेश तिवारी द्वारा आयोजन की रूपरेखा और संकल्प कराए गए जिले की सभी तहसीलों के सक्रिय परिजन सम्मिलित हुए।

## भाजपा कार्यालय श्री पाठक करेंगे झण्डा वंदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक 79 वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रातः 08:15 पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण करेंगे। उक्त अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ, भाजपाजनो सहित आमजनो से समय पर उपस्थिति की अपील जिला भाजपा द्वारा की गई है।

## सुभाष पार्क पर मनीष साहू करेंगे ध्वजारोहण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कमेटी के तत्वाधान में सुभाष पार्क में ध्वजारोहण किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू ने बताया कि प्रातः जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष साहू द्वारा ध्वजारोहण किया जावेगा।



इसके पश्चात प्रति वर्ष की भांति पुराना बस स्टैंड में प्रातः 8:15 बजे पूर्व विधायक सुनील जायसवाल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात शंकरलाल दुबे जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में माल्यार्पण एवं प्रातः 8: 45 पर जिला कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष अमित राय गोलू द्वारा ध्वजारोहण किया जावेगा। उक्त कार्यक्रमों में समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों एवं नागरिकों से उपस्थित की अपील की गई है।

## मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश





**तेंदूखेड़ा।** आजादी की 79 वर्षगांठ को लेकर संपूर्ण भारतवर्ष में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा फहराने को चलाए जा रहे अभियान के तहत महिला महाविद्यालय में 2 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की छात्राओं के द्वारा एनसीसी अधिकारी कैप्टन रोमी मालवीय के द्वारा मानव श्रृंखला तैयार की गई एवं नगर के प्रतिष्ठानों एवं दुकानों में तिरंगा झंडा वितरित किए गए एवं सभी को अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया गया ।यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर किरण प्रभा जैन के मार्ग दर्शन में किया गया।

## एन सी सी कैडेट ने निकाली तिरंगा रैली

**तेंदूखेड़ा ।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर में तिरंगा लहराये इस भाव को लेकर के राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत सर्वोदय विद्यालय की बालक एनसीसी कैडेट एवं बालिका एन सीसी कैडेट ने हर-हर तिरंगा रैली का आयोजन किया । जिसे संस्था के प्रबंध डॉ प्रकाश जैन एवं प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री ने झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली का आयोजन 1 एमपी आर्म्ड स्क्वाड्रन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल ए पी सिंह के मार्ग दर्शन में एवं 2 एम पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश जायसवाल के मार्गदर्शन में बालक बालिका एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर ताप्ती रानी दत्त एवं बालक एनसीसी अधिकारी के निर्देशन में किया गया।

## घुमक्कड़ो के बीच पहुंच कर दिया देश भक्ति का संदेश





विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के जयघोष के साथ आज़ादी के अमृत महोत्सव में सहभागिता करते हुए घर -घर तिरंगा अभियान में सर्वोदय स्कूल 2 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी जबलपुर की बालिका एनसीसी इकाई द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन बालिका एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य देश के हर नागरिक में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बदाना है। हमारे देश की एकता और अखंडता मज़बूत हो सके। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रैली निकाली गई और सामान्य जनों को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराने की अपील की गई। इसके अलावा नगर तेंदूखेड़ा में अल्प प्रवास करने वाले घुमक्कड़ बंजारों और सामान्य नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित करके सम्मान पूर्वक ध्वज अपने घर में फहराने के लिए प्रेरित किया । देश की एकता और अखंडता को प्रदर्शित करने हेतु मानव श्रृंखला बनाई गई। कैडेटों के द्वारा पोस्टर आदि भी बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## विधायक जनसुनवाई में पहुंचे किसान, सुनाई समस्याएं



**गोटेगांव।** स्थानीय विगत दिवस विधायक महेन्द्र नागेश ने अपने निज निवास पर जनसुनवाई के माध्यम से क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों एवं आगंतुकों की समस्याएं सुनीं। ज्ञातव्य होवे की लंबे समय से स्थानीय किसान अपनी अति आवश्यक कृषि सामग्री यूरिया के लिए परेशान हो रहा है इस दौरान यूरिया की कमी को लेकर आए किसानों से उन्होंने विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक नागेश ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक ने स्पष्ट किया कि किसान हित सदैव उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## संस्कृत सप्ताह का सप्त दिवसीय समारोह कार्यक्रम संपन्न



**गोटेगांव।** विगतदिवस नगर स्थित पंडित गणेश चौबे संस्कृत विद्यापीठ में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह का सप्त दिवसीय आयोजन का समापन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ, सप्त दिवसीय आयोजन के अंतर्गत विद्यापीठ में अध्यनरत छात्रों ने संस्कृत गीत प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम रक्षाबंधन के दिन श्रावणी उपाकर्म वेद पूजन एवं वेद पाठ संपन्न किए जाने के साथ-साथ संस्कृत स्पर्धाओं के अंतर्गत छात्रों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया ! संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रूप पटेल ने सप्त दिवसीय आयोजन की सभी को शुभकामनाएं दी और धन्यवाद प्रेषित किया, साथ ही उपस्थितजनों ने संस्कृत सप्ताह के इस आयोजन की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की इस अवसर पर अध्यापक वीकेंद्र शास्त्री राजेंद्र दुबे शास्त्री आकाश बिल्थरे सिद्धारमैया शास्त्री मद्रास एवं अध्यापनरत शिक्षक शिक्षिकाओं छात्रों की उपस्थिति सराहनीय रही !

# अज्ञानी या अशक्त मोक्ष मार्ग में आ जाते हैं तो तुम्हें दोनों के दोषों को बचाने का करना चाहिए प्रयासः मुनि श्री

**गोटेगांव।** गुरु की दृढ़ता उसके शिष्य में आती है और माता-पिता की दृढ़ता उसकी संतान पर आती है। यदि पुरुषार्थ किया है तो फल से भी कभी मत डरो।आप जो भी क्रिया करोगे उसका फल भी आपको स्वयं को ही मिलना तय है। आपका श्रेष्ठ, धर्म कार्य ही आपके कर्म की सुंदरता है। इसलिए सदैव धर्म की, जाति की शुद्धता रखना बहुत आवश्यक है। सभी को इसका सदैव ध्यान रखना चाहिए। सचेत रहना चाहिएं ।यदि तुम ऐसा कर सकोगे तभी परिवारों में मुनि महाराज बनने की परंपरा चलती रहेगी। ध्यान रखना गृहस्थी किसी भी पद की प्राप्ति के लिए या धर्म विरोधी कार्य के लिए नहीं बननी चाहिए, बल्कि गृहस्थी तो सदैव धर्ममय होनी चाहिए, मोक्ष मार्गी होनी चाहिएं। जन्म मरण से परे मोक्ष मार्ग ही तीर्थंकरों का मार्ग है।ओर इसके अलावा कोई मार्ग श्रेष्ठ हो ही नहीं सकता। यह मोक्ष मार्गी धर्ममय बात गोटेगांव नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने कही।

नगर के श्री शांतिनाथ जिनालय के आचार्य विद्यासागर सभागार में उपस्थित श्रावकों से मुनि श्री ने कहा मोक्ष मार्ग शुद्ध मार्ग है। क्योंकि वह अपने आप में शुद्ध मार्ग है ओर इसमें किसी को भी शंका नहीं होनी चाहिए। लेकिन कई बार मोक्ष मार्गी स्वयं गलती कर बैठता है क्योंकि उसकी दृष्टि ही गलत हो जाती है। अज्ञानी और अशक्त व्यक्ति मोक्ष मार्ग पर नहीं आ सकता। अज्ञानी और असक्त दोनों ही स्थिति मोक्ष मार्ग के लिए खतरनाक है। लेकिन फिर भी यदि किसी परिस्थितिवश अज्ञानी या अशक्त मोक्ष मार्ग में आ जाते हैं तो तुम्हें दोनों के दोषों को बचाने का प्रयास करना चाहिए। यदि किसी ने मुनि पद लिया है तो उसे अक्षुण्ण बनाए रखना है । ध्यान रखना चाहे वह मुनि हो, आर्यिका हो, श्रावक हो, या श्राविका हो, अज्ञानी हो या अशक्त हो, सभी को ऐसी स्थिति में संलेखना ले लेना चाहिए। यही उनका श्रेष्ठ मोक्ष मार्गी धर्म है। ग्रहस्थ को भी अपनी संलेखना पूर्ण करना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि बगैर गुरु के समाधि कभी हो ही नहीं सकती। संलेखना धारक को सदैव तप और त्याग बढ़ाना चाहिए। संकल्प पूर्वक अपने व्रत को पूर्ण करना चाहिए। चाहे स्थिति कैसी भी क्यों ना हो धर्मशास्त्र कहता है । सम्यक दृष्टिवान व्रती की दृष्टि सदैव ग्रहण करने पर कम होती है और त्याग करने पर ज्यादा रहती है। जो एक बार छोड़ दिया तो उसे प्राप्त करने की वह व्रती दोबारा कोई चेष्टा नहीं करता है। जिस गुरु से तुम कोई संकल्प लेते हो तो संकल्प में उसी गुरु से ही संशोधन भी हो सकता है। इसके अलावा कहीं कोई अन्य विकल्प नहीं रहता। तभी आप मोक्ष मार्गी होते हो। गुरु के प्रति सदैव कृतज्ञता व्यक्त करना ही श्रेष्ठता है। गुरु की आज्ञा ही सर्वोपरि होती है। शिष्य का दायित्व है कि अपने गुरु की महिमा खंडित नहीं होनी चाहिए। श्रावक प्रभावना भले ही ना करें लेकिन कभी भी उसे अप्रभावना नहीं करनी चाहिए। व्रत का पालन पूर्णतः दृढ़ता के साथ करना चाहिए, चाहे वह श्रावक श्राविकाएं हो या मुनि ही क्यों ना हो। गुरु को जब वचन दे दिया कि हम इस व्रत का पालन करेंगे तो फिर प्राण भले ही क्यों ना चले जाएं लेकिन व्रत खंडित नहीं होना चाहिए ।



मोक्ष मार्ग में संकल्प से बड़ा समर्पण है।इसी भावना से अज्ञानी और अशक्त को भी साथ लेना जरूरी है। क्योंकि सम्यक दर्शन हर व्यक्ति की निधि है। कषाय ,कुसंगति, रोग, दरिद्रता, मिथ्या उपदेश, चमत्कार के भुलावे यह सभी दोष तुम्हारी सम्यक दृष्टि में बाधक हैं। मुनिश्री ने कहा कि तुम्हारी दृष्टि में संघ हो या फिर समाज हो अपने परिवार की तरह होना चाहिए। आप अपने परिवार का कुछ भी दोष उजागर नहीं करते हो,तो फिर संघ और समाज के दोष भी उजागर नहीं करना चाहिए। संघ सदैव आर्यिका, मुनि और समाज सभी को साथ लेकर चलते हैं। तो इसमें दृढ़ता होनी चाहिए।

मुनि श्री ने समझाइश देते हुए कहा कि समाज को कभी भी गुरु की आज्ञा का अनादर नहीं करना चाहिए। समाज की कार्य प्रणाली पर भी अनुशासन का अंकुश जरूरी है। यदि सामाज पर धर्म का अंकुश ना हो तो समाज बेलगाम होकर धर्म विरोधी कृत्य करती है। उन्होंने श्रेष्ठ धर्ममय परिवार की बात करते हुए कहा कि आपका ऐसा कुल, खानदान,परिवार होना चाहिए जहां तीर्थंकरों का आचरण पालन किया जाता हो। नहीं तो परिवार में संताने भी बेलगाम होकर तुम्हारा घर भी पापों का परिवार बन जाता है।